**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to ensure refund of money to investors who deposited their money with Aadarsh Cooperative Society-laid.

**सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द)**: कोई भी investor, invest करने वाली संस्था में विश्वास करते हुए अपनी जमा की हुई राशि को आने वाले अच्छे भविष्य व जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए invest करता है परन्तु वह संस्था यदि उसे धोखा दे देती है और उसके साथ ठगी कर लेती है तो उससे उस investor के साथ ही पूरा समाज प्रभावित हो जाता है । ऐसा ही कुछ मेरे Aadarsh cooperative society द्वारा किया गया है, देश के विभिन्न राज्यों में लाखों की संख्या में investors के करोड़ों रूपयों की धनराशि को अपने यहां जमा करके उनके साथ धोखाधड़ी की गई है इसमें ऐसे कई investors है जिनका जीवन भर का पैसा यहां जमा था जो अब दर-दर की ठोकरे खाने को विवश हो रहे हैं।

अब investors यह उम्मीद करते हैं कि इस धोखाधडी प्रकरण का समाधान करते हुए society management से उनकी जमा रकमों और ब्याज को दिलवाया जाए । मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद में भी इस Aadarsh cooperative society के इस मामले से लाखों की संख्या में लोग प्रभावित हुए है । अतः सरकार से निवेदन है कि investors के हितों , परेशानियों और उनके साथ हुई धोखाधड़ी को ध्यान में रखते हुए इस Aadarsh cooperative society मामले का समाधान करवाते हुए investors को उनका जमा पैसा व ब्याज दिलवाने की कृपा करें।